**भारत सरकार**

**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय**

**उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1747**

**मंगलवार, 10 फरवरी, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए**

**औद्योगिक विकास**

**1747. श्री सतपाल ब्रहमचारी:**

क्या **वाणिज्य और उद्योग मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि औद्योगिक विकास की महत्वपूर्ण संभावना के बावजूद सोनीपत लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में अपेक्षित स्तर का निवेश और औद्योगिक कार्यकलापों का विस्तार नहीं किया जा रहा है;

(ख) क्या इस क्षेत्र में औद्योगिक समूहों, संभार तंत्र सुविधाओं, निर्यात अवसंरचना और कुशल मानव संसाधनों के विकास की आवश्यकता है;

(ग) वर्ष 2019 से सोनीपत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के माध्यम से कितनी औद्योगिक परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है; इसके लिए कितनी धनराशि आवंटित की गई है और कितनी धनराशि का उपयोग किया गया है;

(घ) क्या औद्योगिक परियोजनाओं के कार्यान्वयन में भूमि की उपलब्धता, संपर्क अथवा प्रक्रियात्मक बाधाओं से संबंधित मुद्दों की समीक्षा की गई है; और

(ङ) क्या सरकार ने सोनीपत क्षेत्र में औद्योगिक विकास, निवेश संवर्धन और रोजगार सृजन के लिए कोई विशेष समयबद्ध कार्य योजना प्रस्तावित की है; यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जितिन प्रसाद)**

**(क) और (ख):** सरकार ने औद्योगिक क्लस्टरों, लॉजिस्टिक्स सहायता, निर्यात अवसंरचना और कुशल मानव संसाधन के विकास हेतु सोनीपत सहित एक व्यापक, राज्य-व्यापी फ्रेमवर्क तैयार किया है। एमएसएमई को समान सुविधाओं और औद्योगिक क्लस्टरों के सृजन के लिए, क्लस्टर प्लग एंड प्ले स्कीम और एमएसएमई के उन्नयन हेतु विकास में तेजी लाने के लिए कार्यक्रम (पद्मा) जैसी पहलों के माध्यम से प्रदान की जाती है। लॉजिस्टिक्स से संबंधित आवश्यकताओं को माल ढुलाई सहायता स्कीम के माध्यम से पूरा किया जाता है। निर्यात संवर्धन और क्षमता निर्माण सहयोग, एमएसएमई कार्य निष्पादन

को बढ़ावा देना और तेजी लाना (रैम्प) कार्यक्रम के तहत वैश्विक सूचना और बाजार सुविधा टीम (गिफ्ट) सेल के माध्यम से प्रदान किया जाता है, जो एमएसएमई के लिए राज्यव्यापी पहलें शुरू करता है। हरियाणा उद्यम और रोजगार नीति, 2020 के तहत राजकोषीय प्रोत्साहन प्रदान किए जाते हैं।

**(ग):** विभाग, नीतिगत सहायता, प्रोत्साहनों और विनियामक मंजूरियों के माध्यम से उद्योगों को सुविधा प्रदान करता है, यह परियोजनाओं को निर्वाचन क्षेत्र-वार अनुमोदित नहीं करता है। उद्यम पंजीकरण आंकड़ों के अनुसार, जुलाई 2020 के बाद से सोनीपत जिले में 63,373 एमएसएमई स्थापित किए गए हैं। हरियाणा उद्यम संवर्धन केंद्र द्वारा संचालित एकल खिड़की प्रणाली के माध्यम से औद्योगिक सुविधा प्रदान की जाती है, जो आवश्यक अनुमोदन, मंजूरी और नियामक सुविधा प्राप्त करने में सहायता प्रदान करती है। हरियाणा उद्यम और रोजगार नीति (एचईईपी) 2020 के तहत सोनीपत में स्थापित की गई/स्थापित की जा रही अल्ट्रा मेगा और मेगा परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध-क** में दिया गया है।

**(घ):** भूमि की उपलब्धता, सड़क संपर्क और प्रक्रियागत आवश्यकताओं से संबंधित मामलों की संस्थागत तंत्र और अंतर-विभागीय समन्वय के माध्यम से नियमित रूप से समीक्षा की जाती है। हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एचएसआईआईडीसी) द्वारा औद्योगिक अवसंरचना विकास एवं उन्नयन का कार्य किया जाता है।

**(ङ):** उद्योग और वाणिज्य विभाग, हरियाणा, एमएसएमई को सहायता प्रदान करने सहित राज्य भर में संतुलित और सतत औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न नीतियों और स्कीमों का कार्यान्वयन करता है। हालांकि, इस विभाग द्वारा निर्वाचन क्षेत्र-विशिष्ट तथा समयबद्ध कार्य योजना तैयार नहीं की जाती है।

औद्योगिक अवसंरचना के विकास हेतु नोडल एजेंसी, एचएसआईआईडीसी ने सोनीपत संसदीय क्षेत्र में औद्योगिक संपदा, औद्योगिक मॉडल टाउनशिप और क्लस्टर-आधारित औद्योगिक पार्क विकसित किए हैं। सोनीपत, व्यापक रूप से औद्योगिक क्षेत्र है और यहां पर विकसित की गई औद्योगिक अवसंरचनाओं का विवरण निम्नानुसार है:

| **क्रम सं.** | **औद्योगिक क्षेत्र का नाम** | **कुल भूमि (एकड़ में)** | **तैयार किए गए भूखंड** | **आबंटित भूखंड** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बरही औद्योगिक क्षेत्र | 1255.06 | 1167 | 1068 |
| 2 | कुंडली औद्योगिक क्षेत्र | 1341.90 | 2003 | 1852 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | राई औद्योगिक क्षेत्र | 1320.16 | 2075 | 1722 |
| 4 | आईएमटी खरखौदा | 3217.19 | 2509 | 1852 |
| 5 | ओल्ड इंडस्ट्रियल एरिया, सोनीपत | 5 | 39 | 39 |
| 6 | इंडस्ट्रियल एरिया, मुरथल | 35 | 186 | 166 |

सोनीपत जिले के औद्योगिक क्षेत्रों (आईई)/आईएमटी में प्रमुख निवेशकों का विवरण निम्नानुसार है:

| **क्रम सं.** | **निवेशक का नाम** | **आईई/ आईएमटी का नाम** | **आबंटित भूमि (एकड़ में)** | **प्रस्तावित निवेश (करोड़ में)** | **प्रस्तावित रोजगार** |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड | आईएमटी खरखौदा | 800 | 18,000 | 11,000 |
| 2 | सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड | | 100 | 1,466 | 2,000 |
| 3 | यूनो मिंडा | | 95 | 1,122 | 733 |

*****

**अनुबंध-क**

**दिनांक 10.02.2026 को उत्तर दिए जाने के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1747 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**हरियाणा उद्यम और रोजगार नीति (एचईईपी), 2020 के तहत सोनीपत में स्थापित की गई/स्थापित की जा रही अल्ट्रा मेगा और मेगा परियोजनाओं का विवरण**

| क्रम सं. | परियोजना का नाम | स्थान, जिला | ब्लॉक | निवेश (रुपए करोड़ में) | रोजगार |
|---|---|---|---|---|---|
| **क.** | **हरियाणा उद्यम संवर्धन बोर्ड द्वारा पूर्व में अनुमोदित मामले** | | | | |
| 1 | मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड | खरखौदा, सोनीपत | बी | 18,000 | 10,000 |
| 2 | सुज़ुकी मोटरसाइकिल इंडिया (प्राइवेट) लिमिटेड | खरखौदा, सोनीपत | बी | 2,000 | 2,000 |
| 3 | एडब्ल्यूएल एग्री बिजनेस लिमिटेड (पूर्ववर्ती अडानी विल्मर लिमिटेड) | मुंडलाना, सोनीपत | सी | 1,130.68 | 927 |
| 4 | यूनो मिंडा लिमिटेड | आईएमटी खरखौदा, सोनीपत | बी | 1,929.81 | 4,035 |
| | **कुल** | | | **23,060.49** | **16,962** |
| **ख** | **प्रक्रियाधीन मामले** | | | | |
| 1 | बेलसोनिका प्राइवेट लिमिटेड | आईएमटी खरखौदा, सोनीपत | बी | 428.14 | 1,422 |
| 2 | जय भारत मारुति लिमिटेड | आईएमटी खरखौदा, सोनीपत | बी | 225.00 | 844 |
| 3 | कृष्णा मारुति लिमिटेड | आईएमटी खरखौदा, सोनीपत | बी | 257.27 | 835 |
| 4 | कृष्णा मारुति लिमिटेड | आईएमटी खरखौदा, सोनीपत | बी | 246.13 | 1,120 |
| 5 | एसकेएच मेटल्स लिमिटेड | आईएमटी खरखौदा, सोनीपत | बी | 533.97 | 1,796 |
| 6 | सुब्रोस लिमिटेड | खरखौदा, सोनीपत | बी | 249.81 | 421 |
| | कुल | | | **1,940.32** | **6,438** |

**हरियाणा उद्‌यम और रोजगार नीति (एचईईपी) 2020 के तहत सोनीपत में स्थापित विशाल औद्‌योगिक इकाइयों का विवरण**

| **क्रम सं.** | **परियोजना का नाम** | **स्थान, जिला** | **रोजगार (व्यक्तियों में)** | **निवेश (रुपए करोड़ में)** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जेबीएम एनवायरनमेंट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड | मुरथल, सोनीपत | 172 | 190.00 |
| 2 | रेल कोच फैक्टरी | बरही, सोनीपत | 105 | 630.00 |
| | | | **277** | **820.00** |

*****